Re: Need to expedite construction of Karad ? Chiplun railway line project

श्री विनायक भाऊराव राऊत (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग): मेरे संसदीय क्षेत्र रत्नागिरी सिंधुदुर्ग में चिपलून-कराड रेलवे के ग्राउंडब्रेकिंग का काम कर परियोजना अनुबंध शापूरजी पालनजी कंपनी को दिया गया था। सरकार के इस साल के बजट में इस परियोजना को पूरी तरह से अनदेखा किया गया है इस परियोजना के अंतर्गत रेलवे ने दो रूटों को मंजूरी दी थी । यह मार्ग निर्माण होने से कराड से सीधे मिराज जाना संभव होगा और अन्य विकल्पों की तुलना में सुविधाजनक और आर्थिक रूप से वहनीय होगा! पूर्व में चिपलून से कराड रेलवे मार्ग को सर्वेक्षण कार्य के साथ ही इस रूट का पूरा प्लान तैयार कर भूमि पूजन भी किया और अघाड़ी सरकार ने राज्य की ओर से बारह सौ करोड़ रूपये की धनराशि उपलब्ध कराने का प्रावधान कर केंद्र सरकार से इस परियोजना को शुरू करने की पहल की थी। लेकिन वर्तमान बजट में इस प्रोजेक्ट की अनदेखी हुई है, जिसके कारण यह चिपलून-कराड रेलवे मार्ग आज भी उपेक्षित है । इस संबंध में क्षेत्रीय लोगों ने भी नाराजगी व्यक्त की है । अत: सरकार से अनुरोध है कि इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द शुरू किया जाये ।